कार्यालय :- वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, गुमला।

E-mail:- cf-gumla@gov.in / cfgumla@gmail.com, Ph. No :- 06524-221236(O), 223052(R)

LiFE Lifestyle for Environment

पत्रांक 1223 / दिनांक 23/06/2023

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

विषय :– मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् लोहरदगा वन प्रमण्डल अन्तर्गत मौजा– बगड़ू, भूसाड़ एवं हिसरी में बॉक्साईट खनन हेतु 7.52 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– भवदीय का पत्रांक 582 दिनांक 02.06.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् लोहरदगा वन प्रमण्डल अन्तर्गत मौजा– बगड़ू, भूसाड़ एवं हिसरी में बॉक्साईट खनन हेतु 7.52 हे0 वनभूमि अपयोजन हेतु समर्पित प्रस्ताव में भवदीय के प्रासंगिक पत्र में वर्णित/कमियों का वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा ने अपने पत्रांक 1047 दिनांक 08.06.2023 (प्रति संलग्न) द्वारा निराकरण प्रतिवेदन निम्नवत किया है :–

क्र0	बिन्दु	अनुपालन
1	2	3
1.	वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल द्वारा निर्धारित प्रपत्र पार्ट–II अपलोड नहीं किया गया है।	वन प्रमण्डल पदाधिकारी के प्रतिवेदनानुसार निर्धारित प्रपत्र पार्ट–II को संशोधित करते हुए Upload कर दिया गया है।
2.	प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अपलोड की गयी KML का Forest area 7.49 ha. एवं Applied Forest Area 7.52 ha में भिन्नता है।	वन प्रमण्डल पदाधिकारी के प्रतिवेदनानुसार प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रपत्र पार्ट – I में KML file 4 Patch upload कर दिया गया है। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा 7.52 हे0 का वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें क्षतिपूरक वन रोपण हेतु 7.69 हे0 का गणना किया गया है। जिसके कारण यह भिन्नता दिखाई दे रहा है।
3.	प्रस्ताव के पार्ट–II में प्रस्तावित वनभूमि पर पड़ने वाले वृक्षों की गणना सूची एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा सत्यापित प्रजातिवार Girth-wise गणना सूची सारांश में उल्लेखित वृक्षों की कुल संख्या में भिन्नता को स्पष्ट करते हुए प्रतिवेदन।	वन प्रमण्डल पदाधिकारी के प्रतिवेदनानुसार निर्धारित प्रपत्र पार्ट–II में प्रस्तावित वनभूमि पर पड़ने वाले वृक्षों की प्रजातिवार Girth-wise गणना सूची में संशोधन कर दिया गया है। कुल वृक्षों की संख्या 3719 है।

उक्त परियोजना से संबंधित विहित प्रपत्र Part-II में Online वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा पुनः Upload कर विषयांकित प्रस्ताव का Part – II की

सात प्रतियाँ इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। जिसकी पाँच प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

आपका विश्वासी,

अनु :– यथोक्त।

23/06/2023

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, गुमला।
23/06/23